# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**MID-TERM EXAMINATION 2023-24**

**HINDI (085)**

Class : VIII | Duration : 3 Hrs
Date : 13.10.2023 | Max. Marks : **80**
Admission No.: | Roll No.:

**सामान्य निर्देश : -**

1. इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - क और ख।
2. खंड क में अपठित बोध, व्याकरण एवं पाठों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं।
3. खंड 'ख' में पाठ्य पुस्तक एवं लेखन कौशल के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
4. निर्देश के अनुसार सभी 15 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

**खंड – क (वस्तुनिष्ठ)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के साथ दीजिए।** **(5)**

विधाता ने हमें दशेंद्रिय दी हैं। यह मानव को ईश्वर की सबसे बड़ी देन है परंतु ईश्वर की दी हुई इंद्रियों में 2समानता नहीं पायीं जाती।उनमें भी भिन्नता पायी जाती हैं। हमें ईश्वर ने दो आँखे,दो कान,दो हाथ,दो पैर और एक मुँह दिया है।इन इंद्रियों से ही मनुष्य सामर्थ्य शाली बना है।

विधाता का हमें दो आंखे देने का मतलब है कि शत्रु मित्र को देखने की हमारी दृष्टि समान हो।दो कान इसलिए दिए हैं कि एक कण से अच्छाई सुने और दूसरे कान से बुराई छोड़ें।दो हाथ इसलिए दिए हैं कि एक हाथ से ले और दूसरे हाथ से बांटें।दो पैर इसलिए दिए है कि हम कदम कदम मिलाते हुए देश की ताकत बढ़ाएं।विधाता ने हमें एक ही मुँह दिया,इसका कारण क्या है? इसलिए कि वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम की तरह एकवचनी हो।देश के लिए वचनबद्ध हो।इस लोक कल्याण की भावना में समस्त मानव जाति का कल्याण निहित है।

1 ईश्वर की सबसे बड़ी देन क्या है?
- क) दशेंद्रीय देना
- ख) कान देना
- ग) नाक देना
- घ) पैर देना

2 शत्रु और मित्र की ओर हमारी दृष्टि कैसी हो?
- क) समान
- ख) भेदभाव युक्त
- ग) असमान
- घ)कोई नहीं

3 दो कान किसलिए दिए है ?
- क) एक कान से अच्छाई सुने
- ख) दूसरे कान से बुराई छोड़े
- ग) एक कान से अच्छाई सुने दूसरे से बुराई छोड़े
- घ) उपर्युक्त कोई नही

4 मर्यादा पुरुषोत्तम राम कैसे थे?
- क) एकवचनी
- ख) द्विवचनी
- ग) अनेकवचनी
- घ) इनमें से कोई नहीं

5 इस गद्य खंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए।
- क) विधाता का न्याय
- ख) हमारी इंद्रियाँ
- ग) मानव
- घ) भगवान

**प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के साथ दीजिए। (5)**

मधुरता से भरे शब्द शहद की भांति तन मन दोनों को मिठास से भर देते हैं।छोटे छोटे दोषों की तलाश,बात बात पर विवाद और उलाहने,क्रोध और मनमुटाव जीवन में ज़हर घोल देते हैं।जिस घर में पति नाश्ते की मेज़ पर हँसता मुस्कुराता हुआ आता है,चेहरा खिला होता है, मानो उसका भाग्य खुल गया हो, उस घर में कितना सुख है! बाइबिल में कहा गया है "बच्चों को गुस्से के लिए कभी मत भड़काओ।" बच्चों पर यह प्रभाव कभी नहीं पड़ने देना चाहिए कि वे मनहूस,प्रेम रहित,आनंद रहित जीवन वाले संसार में हैं।बल्कि घर का वातावरण ऐसा आनंदमय होना चाहिए जो उनके जीवन में प्रकाश फैलाए।उनका ह्रदय आनंदमय बनाते रहना चाहिए।है बात पर आनंद प्रकट करना सिखाना चाहिए।मनोरंजन से कितना आनंद और प्रसन्नता मिलती है,इस बात को बच्चे तो बड़ों से अधिक समझते हैं।बच्चे क्यों खेलना अधिक पसंद करते हैं?खेलों से बच्चों को आनंद मिलता है।बच्चे खेल और हास्य के कार्यक्रमों में इतनी रुचि लेते हैं कि वे खाना पीना भूल जाते हैं। बच्चों में यह प्रवृत्ति जन्मजात है,ईश्वर की दी हुई है। ईश्वर चाहता है कि उसकी सृष्टि में सब प्रसन्न रहें तथा उसकी संतान हँसती रहे।

1 जीवन में कौनसी बातों से ज़हर घुल जाता है?

क) छोटे छोटे दोषों की तलाश ख) बात बात पर विवाद और उलाहने
ग) क्रोध और मनमुटाव घ) उपर्युक्त सभी

2 ईश्वर क्या चाहता है?

क) उसकी संतान सही मार्ग पर चले। ख) उसकी संतान खेल को महत्त्व दे।
ग) उसकी संतान प्रसन्न रहे। घ) उसकी संतान रोती रहे।

3 ’बाइबिल ’क्या सीख देती है?

क) घर का वातावरण आनंदमय रखो।
ख) बच्चों को गुस्से के लिए कभी मत भड़काओ।
ग) सबके जीवन में प्रकाश फैलाओ।
घ) बच्चों को हर बात पर आनंद प्रकट करना सिखाओ।

4 मधुरवाणी क्यों अपनानी चाहिए?

क) वह तन मन को मिठास से भर देती है। ख) वह शहद की भाँति होती है।
ग) इससे जीवन में मनमुटाव नहीं होता। घ) उपर्युक्त सभी

5 बच्चे खेलना क्यों पसंद करते है?

क) खेलने से आनंद मिलता है। ख) खाना मिलता है।
ग) दोस्त बनते है। घ) काम नहीं करना पड़ता।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर उचित विकल्प चुनकर लिखिए - (16)**

1 निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटकर लिखिए -

क) नन्दन ख) नंदन
ग) चदन घ) नदन

2 ’चादनी ’ में उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर मानक रूप लिखिए -

क) चांदनी ख) चाँदनी
ग) चान्दनी घ) चादनी

3 <u>दिल्ली</u> संज्ञा का भेद बताइए -

क) व्यक्ति वाचक संज्ञा ख) जातिवाचक संज्ञा
ग) भाव वाचक संज्ञा घ) समूह वाचक संज्ञा

4 मैं अभी बहुत छोटा हूं।सर्वनाम के भेद बताइए -

क ) उत्तम पुरुष | ख) मध्यम पुरुष
ग) अन्य पुरुष | घ) कोई नही

5 मेरा कोट काला है?विशेषण का भेद बताइए -

क) गुणवाचक | ख) परिमाण वाचक
ग) संख्यावाचक | घ) सार्वनामिक विशेषण

6 राज ने सात केले खाए -

क) गुणवाचक | ख) परिमाण वाचक
ग) संख्यावाचक | घ) सार्वनामिक विशेषण

7 आधि सही अर्थ का चयन कीजिए -

क) मानसिक रोग | ख) सहज पीड़ा
ग) शारीरिक रोग | घ) लौकिक पीड़ा

8' दुर्गम'सही अर्थ का चयन कीजिए -

क) जहाँ पहुँचा न जा सके। | ख) जहाँ जाना न हो।
ग) जहाँ सरलता से पहुंचा जा सके। | घ) जहाँ पहुँचना कठिन हो।

9 अंबर का सही अर्थ नहीं है -

क) आकाश | ख) धन
ग) वस्त्र | घ) कपास

10 सारंग सही अर्थ नहीं है -

क) मोर | ख हिरण
ग) सूर्य | घ हाथी

11 ओर तथा और का सही अर्थ होगा -

क) दिशा, दूसरा | ख दूसरा, अन्य
ग) दिशा, अन्य | घ दिशा, दशा

12 दिन तथा दीन का सही अर्थ क्या होगा ?

क) गरीब, लाचार | ख दिवस, गरीब
ग) दिवस, दिन | घ लाचार, बेचारा

13 अंधकार का पर्यायवाची नहीं है -

क) तम | ख तिमिर
ग) अंधेरा | घ रात

14 आकाश का पर्यायवाची क्या है ?

क) रत्नाकर | ख मधुकर
ग) पुरंदर | घ गगन

15 'अनुकूल 'का विलोम क्या होगा ?

क) प्रतिकूल | ख प्रतिपाल
ग) विपुल | घ प्रतियोग

16 'उग्र' का विलोम है।

क क्रोधित | ख गुस्सा
ग शांत | घ अशांत

**प्रश्न 4 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। (5)**

अहंकार को छोड़ो कुछ ना कीमत है अभिमान की।
हिलमिल कर अब तुम भी सोचो मानव के सम्मान की
लालच में तुम फँसे रहोगे ना इसमें कुछ रखा है।
कोशिश करके देखो राहें पाओगे निर्वाण की।
बात करो अब हमसे केवल मानव के कल्याण की।

1 कवि ने क्या छोड़ने को कहा है?

क क्रोध ख अंहकार
ग नफरत घ ईर्ष्या

2 किसकी कीमत नहीं है?

क अभिमान की ख प्यार की
ग नफरत की घ अभियान की

3 कवि ने किसकी रक्षा करने को कहा है?

क मानव के सम्मान की रक्षा ख बच्चों की रक्षा
ग देश की रक्षा घ औरतों की रक्षा

4 कवि किस प्रकार की बात करने को कह रहे है ?

क मानव के कल्याण की ख देश के हित की
ग राजनीति की घ धर्म की बात

5 <u>निर्वाण</u> का क्या अर्थ है ?

क मुक्ति ख नाश
ग रक्षा घ भलाई

**प्रश्न 5 पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए। (2)**

1 कोशिश करने से किसकी राहें मिल जायेंगी?

क निर्वाण की ख सम्मान की
ग लालच की घ प्रेम की

2 जल की बूँदें कहाँ से टपक रही हैं?

क मुख से ख पंखों से
ग अंगुलियों से घ पौधों से

**प्रश्न 6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। (5)**

आज मेरी आँख रात के तीन बजे ही खुल गई। मैंने सोचा,चलो आज इसी समय पूजा कर लूँ । मैं नहा धोकर पूजा के कमरे में चला गया और पूजा करने लगा। इतने में मुझे ऐसा मालूम हुआ कि कमरा किसी अलौकिक प्रकाश से भर गया है। आँख उठाकर देखा तो मेरे सामने खुद परमात्मा खड़े मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने मेरी तरफ़ देखा और कहा,"आज इस नगर में हज़ारों लोगों ने मेरी पूजा की है, लेकिन सच्ची पूजा एक ही आदमी ने की है और वह तुम्हारा मित्र अमीरचंद है। उसने माधी के लड़के की जान बचाकर अपने कर्तव्य का पालन किया। यही तो सच्ची पूजा है। वह मेरा भक्त नहीं, भक्तराजा है। "यह कहकर भगवान ने मेरी पीठ पर प्यार से थपकी दी।

1 किसकी आँख रात को तीन बजे खुल गई?

क लेखक की ख अमीरचंद की
ग फकीरचंद की घ माघी की

2 कमरा किस तरह के प्रकाश से भर गया

क दिव्य प्रकाश | ख अलौकिक प्रकाश

ग तेज प्रकाश | घ सूक्ष्म प्रकाश

3 अमीरचंद ने क्या किया था?

क माघी के लड़के की जान बचाई। | ख गरीबों की सेवा की

ग मुफ्त दवाई बांटी | घ भगवान की पूजा की

4 भगवान ने भक्तराजा किसे कहा?

क अमीरचंद को | ख फकीरचंद को

ग सावित्री को | ग माघी को

5 इस गद्यांश के लेखक का नाम बताइए।

क सुदर्शन | ख रामनरेश त्रिपाठी

ग प्रेमचंद | घ सुभद्रा कुमारी

**प्रश्न 7 गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए - (2)**

1 किसने माघी के लड़के की जान बचाकर अपने कर्तव्य का पालन किया ?

क फकीरचंद | ख अमीरचंद

ग कंपाउंडर | घ सावित्री ने

2 झाऊलाल की पत्नी ने झाऊलाल से कितने रुपए माँगे ?

क सौ रुपए | ख ढाई सौ रुपए

ग पाँच सौ रुपए | घ तीन सौ रुपए

**खंड – ख (वर्णनात्मक)**

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30 शब्दों में लिखिए। (4)**

1 अहंकार को क्यों छोड़ने के लिए कहा गया है ?

2 शांति दूत बनने के लिए क्या करना होगा ?

3 रिमझिम बूँदों का स्वर सुनकर कवि पर क्या असर होता है ?

**प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए। (6)**

1 आपको कौन सा मौसम सबसे ज्यादा पसंद है और क्यों ?

2 प्रकृति हमारी रक्षक है। कभी कभी यह भक्षक कैसे बन जाती है? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए।

3 'मानव ही मानव का हितकारी है।'क्या आप इस कथन से सहमत हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30 शब्दों में लिखिए। (4)**

1 अमीरचंद माला पूरी क्यों नहीं फेर पाए ?

2 परमात्मा ने फकीरचंद से क्या कहा ?

3 झाऊलाल के हाथ से छूटकर लोटा कहाँ और कैसे पहुँचा ?

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए। (6)**

1 अकबरी लोटा इस पाठ के आधार पर बताइए कि जीवन में आई परेशानियों को हम कैसे दूर कर सकते हैं ?

2 वास्तव में सच्ची भक्ति क्या है ?

3 दो डॉक्टर इस पाठ में आपको कौन सा दोस्त अच्छा लगा? आप किसकी तरह बनना चाहते हैं और क्यों ?

खंड घ

**प्रश्न 12 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। (5)**

1 यदि परीक्षाएँ न होती

संकेत बिंदु - * परीक्षा का अर्थ, * परीक्षा के पूर्व के दिन,
* परीक्षा के पश्चात, * परीक्षा का डर

2 भारत के गाँव

संकेत बिंदु - * गाँव का स्वरूप, * आज के गाँव,
* उनकी हालत, * सुधार

3 मोबाइल का महत्त्व

संकेत बिंदु - * विज्ञान की देन, * उपयोगिता, *नए प्रयोग,हानि

**प्रश्न 13 छात्रावास से पिताजी को पत्र लिखिए , जिसमें रुपए मंगवाने के लिए निवेदन किया गया हो। (5)**

अथवा

अपने क्षेत्र रामनगर में वृक्षारोपण के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 14 दो मित्रों के बीच परीक्षा को लेकर संवाद लिखिए (5)**

अथवा

नौकर और मालिक के बीच संवाद लिखिए।

**प्रश्न 15 दिए गए चित्र को देखकर आपके मन में क्या विचार आ रहे हैं? उसका विवरण 80 शब्दों में कीजिए।(5)**



----------------------------------------समाप्त----------------------------------------

(परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएँ)